# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2024 (ANNUAL)

## MT - HINDI

Sub. Code - 101

**(मातृभाषा हिन्दी)**

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**Total No. of Questions :- 100 +6 =106**

**कुल प्रश्नों की संख्या :– 100 + 6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है–खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं; जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ ब्लेड/ नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में 06 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।



BiharboardQuestionpaper.com

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक में चिह्नित करें। 50 X 1 = 50

1. 'बाबा साहब अंबेदकर संपूर्ण वाड्.मय' भारत सरकार के कल्याण मंत्रालय द्वारा कितने खंडों में प्रकाशित हुआ है ?

(A) 18 खंडों में (B) 19 खंडों में

(C) 20 खंडों में (D) 21 खंडों में

2. बुद्ध, कबीर और ज्योतिबा फुले किसके चिंतन व रचनात्मकता के प्रेरक व्यक्ति रहे हैं ?

(A) भीमराव अंबेदकर के (B) नलिन विलोचन शर्मा के

(C) अशोक वाजपेयी के (D) अमरकांत के

3. "काम तो काशू बाबू का ही मालूम पड़ता है, इधर ही खेल रहे थे"– यह किसने कहा ?

(A) आलो ने (B) शोफर ने

(C) मुकर्जी साहब ने (D) रजनी ने

4. किसने लपककर मदन को हाथों से उठा लिया ?

(A) सेन साहब ने (B) सेन साहब की पत्नी ने

(C) गिरधर ने (D) गिरधर की पत्नी ने

5. मदन पड़ोसियों के आवारागर्द छोकरों के साथ क्या कर रहा था ?

(A) कबड्डी खेल रहा था। (B) गुल्ली–डंडा खेल रहा था।



BiharboardQuestionpaper.com

(C) छुप्पन–छुप्पी खेल रहा था।  (B) लट्टू नचा रहा था।

6. मैक्समूलर का जन्म कब हुआ था ?

(A) 4 जनवरी 1825 ई०  (B) 6 दिसंबर 1823 ई०

(C) 2 दिसंबर 1824 ई०  (D) 7 जनवरी 1826 ई०

7. 'हितोपदेश' का जर्मन भाषा में अनुवाद किसने प्रकाशित करवाया ?

(A) महात्मा गाँधी ने  (B) गुणाकर मुले ने

(C) मैक्समूलर ने  (D) यतीन्द्र मिश्र ने

8. मैक्समूलर के अनुसार उनके यहाँ प्रचलित कहावतों और दन्तकथाओं का प्रमुख स्रोत किसे माना जाने लगा है ?

(A) जैन धर्म को  (B) सिख धर्म को

(C) पारसी धर्म को  (D) बौद्ध धर्म को

9. 'दैवत विज्ञान' का अर्थ क्या है ?

(A) देव विज्ञान  (B) प्राचीन मानव

(C) नीति कथा  (D) विधि शास्त्र

10. 'चारुचंद्रलेख' किनकी रचना है ?

(A) भीमराव अंबेदकर  (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) बिरजू महाराज  (D) रामविलास शर्मा

11. गौड़ देश के लोग कैसा नाखून रखना पसंद करते थे ?

(A) छोटे–छोटे  (B) टेढ़े–मेढ़े

(C) बड़े–बड़े  (D) इनमें से कोई नहीं


BiharboardQuestionpaper.com

12. "आदमी के नाखून क्यों बढ़ते हैं।"– लेखक से यह किसने पूछा ?

(A) लेखक की बहन ने (B) लेखक के पुत्र ने

(C) लेखक के दोस्त ने (D) लेखक की छोटी लड़की ने

13. "पुराने का 'मोह' सब समय वांछनीय ही नहीं होता।" – यह किस शीर्षक पाठ की पंक्ति है ?

(A) विष के दाँत (B) नाखून क्यों बढ़ते हैं

(C) नागरी लिपि (D) शिक्षा और संस्कृति

14. 'नागरी लिपि' शीर्षक पाठ किस पुस्तक से लिया गया है ?

(A) 'अक्षर कथा' से (B) 'इतिहास और संस्कृति' से

(C) 'भारतीय लिपियों की कहानी' से (D) 'सौर मंडल' से

15. कोंकण के शिलाहार, मान्यखेट के राष्ट्रकूट, देवगिरि के यादव तथा विजयनगर के शासकों के लेख किस लिपि में है ?

(A) खरोष्ठी लिपि में (B) कलिंग लिपि में

(C) कोंकणी लिपि में (D) नंदिनागरी लिपि में

16. दंतिदुर्ग के बाद राष्ट्रकूटों की गद्दी पर कौन बैठा ?

(A) कृष्ण (प्रथम) (B) अमोघवर्ष

(C) कक्का (द्वितीय) (D) खोट्टिम अमोघवर्ष

17. किसके गले में स्काउटों की तरह एक रूमाल बंधा था ?

(A) लेखक के (B) बहादुर के

(C) निर्मला के भाई के (D) इनमें से कोई नहीं

Biharboardquestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

18. 'सुखजीवी' नामक उपन्यास किसने लिखा है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने
(B) भीमराव अंबेदकर ने
(C) अमरकांत ने
(D) रामविलास शर्मा ने

19. बहादुर का बाप कहाँ मारा गया था ?

(A) बाढ़ से
(B) घरेलू झगड़े में
(C) भूकम्प से
(D) युद्ध में

20. 'हिदायत' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) चेतावनी
(B) शिष्टाचार
(C) जिम्मेदारी
(D) निवेदन

21. प्रगतिशील आलोचना किन्हीं अमूर्त सिद्धान्तों का संकलन नहीं है, वह साहित्य की परम्परा का क्या है ?

(A) निंदा
(B) मूर्त ज्ञान
(C) विवाद
(D) इनमें से कोई नहीं

22. रोन नदी के दूसरी ओर आविन्यों का एक और हिस्सा है जो लगभग स्वतंत्र है, उसका नाम क्या है ?

(A) द मादामोजेल द आविन्यों
(B) ला शत्रूज
(C) वीलनव्व ल आविन्यों
(D) इनमें से कोई नहीं

23. 'शाहनेय' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) प्रभाती
(B) भीमपलासी
(C) मुलतानी
(D) सुषिर वाद्यों में शाह

24. लेखक श्रीनिवास किस साहित्य के प्रतिष्ठित रचनाकारों में से एक हैं ?


BiharboardQuestionpaper.com

(A) कन्नड़ (B) भोजपुरी

(C) उड़िया (D) गुजराती

25. साहित्य अकादमी ने लेखक श्रीनिवास के कहानी संकलन 'सण्णा कथेगुलु' को किस वर्ष पुरस्कृत किया ?

(A) 1967 ई० (B) 1968 ई०

(C) 1969 ई० (D) 1970 ई०

26. "तुम्हारा क्या है माँ, तुम्हारे पास गाय–बैल है, पैसा है, तुम्हें क्या मैं पाल सकता हूँ?"–यह किसने कहा ?

(A) नंजम्मा (B) मंगम्मा की बेटी

(C) मंगम्मा का बेटा (D) रंगप्पा

27. किस लेखक के कथा साहित्य में उड़ीसा का जीवन गहरी आंतरिकता के साथ प्रकट हुआ है ?

(A) ईश्वर पेटलीकर (B) सुजाता

(C) साँवर दइया (D) सातकोड़ी होता

28. लक्ष्मी किसके घर में काम करती थी ?

(A) तहसीलदार के घर में (B) मुखिया के घर में

(C) सरपंच के घर में (D) इनमें से कोई नहीं

29. 'ढहते विश्वास' कहानी में लक्ष्मी के पड़ोस का पढ़ाकू लड़का कौन था ?

(A) अच्युत (B) गुणनिधि

(C) केशव (D) श्याम

30. 'माँ' शीर्षक पाठ के लेखक का नाम क्या है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) सुजाता (B) सातकोड़ी होता

(C) ईश्वर पेटलीकर (D) श्रीनिवास

31. माँ जी, लोगों को 'अस्पताल' के लिए किसकी उपमा देतीं थीं ?

(A) घर की (B) झोपड़ी की

(C) गौशालाओं की (D) कैदखाने की

32. पाप्पाति के चारों ओर खड़े डॉक्टरों ने बारी–बारी से आकर किसकी सहायता से उसकी आँखों के भीतरी भाग का परीक्षण किया ?

(A) ऑप्थलमस्कोप से (B) स्टेथोस्कोप से

(C) प्रॉक्टोस्कोप से (D) इण्डोस्कोप से

33. "अरे, अपनी अमीरी दिखाने के लिए रसमलाई भेजी है क्या!" यह किसने कहा ?

(A) बिज्जू की पत्नी पुष्पा ने (B) नारायण की पत्नी भँवरी ने

(C) कैलास की पत्नी राधा ने (D) इनमें से कोई नहीं

34. "राम नाम बिनु बिरथे जगि जनमा" शीर्षक कविता के रचनाकार का नाम क्या है ?

(A) रसखान (B) घनानंद

(C) गुरुनानक (D) प्रेमघन

35. 'अयनि' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) दीवार (B) चबूतरा

(C) गृह (D) छत

36. 'वाणी' कब विष के समान हो जाती है ?

(A) निंदा–स्तुति के बिना (B) क्रिया के बिना

(C) राम–नाम के बिना (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

37. "मो मन मानिक लै गयो चितै चोर नँदनंद।" – यह पंक्ति किस कविता से उद्धृत है ?

(A) प्रेम–अयनि श्री राधिका (B) स्वदेशी

(C) हिरोशिमा (D) भारतमाता

38. 'स्वदेशी' शीर्षक कविता के कवि का नाम क्या है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) वीरेन डंगवाल

(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (D) जीवनानंद दास

39. निम्न में से कौन–सी रचना बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' की है ?

(A) भारतमाता (B) लौटकर आऊँगा फिर

(C) एक वृक्ष की हत्या (D) जीर्ण जनपद

40. 'स्वदेशी' कविता किससे संकलित है ?

(A) 'जीर्ण जनपद' से (B) 'हारे को हरिनाम' से

(C) 'प्रेमघन सर्वस्व' से (D) 'परशुराम की प्रतीक्षा' से

41. सुमित्रानंदन पंत उत्तरांचल के किस जिले के रहने वाले थे ?

(A) बागेश्वर (B) अलमोड़ा

(C) चमोली (D) देहरादून

42. 'भारतमाता' शीर्षक कविता किस काव्यकृति से ली गयी है ?

(A) पल्लव (B) वीणा

(C) ग्राम्या (D) ग्रंथि

43. कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(A) प्रणभंग (B) रेणुका

(C) हुंकार (D) उर्वशी



BiharboardQuestionpaper.com

44. 'देवता कहीं सड़कों पर गिट्टी तोड़ रहे, देवता मिलेंगे खेतों में, खलिहानों में।"– यह पंक्ति किस कविता से ली गई है ?

(A) हिरोशिमा (B) जनतंत्र का जन्म

(C) एक वृक्ष की हत्या (D) अक्षर–ज्ञान

45. निम्नलिखित में सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' की कविता कौन है ?

(A) लौटकर आऊँगा फिर (B) जनतंत्र का जन्म

(C) मेरे बिना तुम प्रभु (D) हिरोशिमा

46. कुँवर नारायण रचित 'इन दिनों' साहित्य की कौन विधा है ?

(A) काव्य–संग्रह (B) कहानी–संग्रह

(C) साक्षात्कार (D) समीक्षा

47. 'मेरी नींद के दौरान

कुछ इंच बढ़ गए पेड़" – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) स्वदेशी (B) हमारी नींद

(C) हिरोशिमा (D) जनतंत्र का जन्म

48. कवयित्री अनामिका के पिता का क्या नाम था ?

(A) श्यामनंदन किशोर (B) विष्णु भारद्वाज

(C) भरत किशोर (D) रविशंकर किशोर

49. 'अनुष्टुप' किनकी रचना है ?

(A) प्रेमघन (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) अनामिका (D) गुरूनानक

50. 'अक्षर–ज्ञान' शीर्षक कविता में बेटा 'ङ.' के 'ङ' को क्या समझता है ?


BiharboardQuestionpaper.com

(A) बहन

(B) बेटी

(C) माँ

(D) दादी

51. 'झरा पालक' साहित्य की कौन विधा है ?

(A) कहानी

(B) निबंध

(C) उपन्यास

(D) काव्य

52. 'मेरे बिना तुम प्रभु' शीर्षक कविता किस कविता संकलन से ली गई है ?

(A) देशांतर

(B) लाइफ एण्ड सोंग्स

(C) एडवेन्ट

(D) इनमें से कोई नहीं

53. "जब मेरा अस्तित्व न रहेगा, प्रभु तब तुम क्या करोगे?" यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से ली गई है ?

(A) एक वृक्ष की हत्या

(B) लौटकर आऊँगा फिर

(C) मेरे बिना तुम प्रभु

(D) हमारी नींद

54. रेनर मारिया रिल्के का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1 नवंबर 1840 ई०

(B) 2 जून 1875 ई०

(C) 1 दिसंबर 1874 ई०

(D) 4 दिसंबर 1875 ई०

55. रेनर मारिया रिल्के की माता का नाम क्या था ?

(A) सोफिया

(B) जिनिया

(C) राबिया

(D) जिमी

56. हिंदी में स्वरवर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) दस

(B) ग्यारह

(C) बारह

(D) तेरह



BiharboardQuestionpaper.com

57. निम्न में से द्विगुण व्यंजन कौन है ?

(A) क (B) ड़

(C) च (D) ज

58. योग न होने पर भी जो साथ रहे, उसे क्या कहते हैं ?

(A) अनुस्वार (B) अनुनासिक

(C) अयोगवाह (D) निरनुनासिक

59. 'त' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) दंत

60. निम्न में अघोष वर्ण कौन है ?

(A) य (B) र

(C) त (D) ल

61. एक ही ध्वनि जब द्वित्व हो जाए, तब वह कौन ध्वनि कहलाती है ?

(A) संपृक्त ध्वनियाँ (B) युग्मक ध्वनियाँ

(C) संयुक्त ध्वनियाँ (D) इनमें से कोई नहीं

62. 'शयन' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) श + यन (B) शे + अन

(C) शय + न (D) शै + अन

63. निम्न में से अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) तालाब (B) दीपिका

(C) जयोतसना (D) प्रज्वलित


BiharboardQuestionpaper.com

64. निम्नलिखित चिह्नों में अल्पविराम चिह्न कौन है ?

(A) ( । )
(B) ( ? )
(C) ( – )
(D) ( , )

65. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच
(B) सात
(C) छह
(D) आठ

66. निम्न में से जातिवाचक संज्ञा कौन है ?

(A) हिमालय
(B) नदी
(C) मिठास
(D) दूध

67. संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो, उसे व्याकरण में क्या कहते हैं ?

(A) वचन
(B) लिंग
(C) कारक
(D) सर्वनाम

68. 'नाखून' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग
(B) उभयलिंग
(C) पुंलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

69. निम्न में तत्सम शब्द कौन है ?

(A) नाक
(B) जीभ
(C) नीम
(D) ओष्ठ

70. 'प्रियतम' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा ?

(A) प्रियतमा
(B) प्रियतमी


BiharboardQuestionpaper.com

(C) प्रियतमानी (D) इनमें से कोई नहीं

71. 'साधुओं की संगति से बुद्धि सुधरती है।' यहाँ 'से' किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदानकारक का (B) करणकारक का

(C) अपादानकारक का (D) संबंधकारक का

72. हिंदी में कुल कितने सर्वनाम हैं ?

(A) दस (B) नौ

(C) ग्यारह (D) आठ

73. जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्त्ता पर हो, वे क्या कहलाती हैं ?

(A) सकर्मक क्रिया (B) संयुक्त क्रिया

(C) द्विकर्मक क्रिया (D) अकर्मक क्रिया

74. 'मैं घड़ा भरता हूँ।' यह किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) सकर्मक क्रिया (B) अकर्मक क्रिया

(C) द्विकर्मक क्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

75. भूतकाल के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच (B) छः

(C) सात (D) आठ

76. उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के कितने भेद हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

77. 'घोटक' शब्द क्या है ?

(A) तद्भव (B) तत्सम



BiharboardQuestionpaper.com

(C) देशज (D) विदेशी

78. एकमात्रिक स्वरों की संख्या कितनी हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

79. वह शब्दांश, जो किसी शब्द के अंत में जोड़ा जाता है, क्या कहलाता है ?

(A) उपसर्ग (B) प्रत्यय

(C) संधि (D) समास

80. निम्न में से 'देशज' शब्द कौन है ?

(A) आग (B) फूल

(C) चिड़िया (D) चतुर्दश

81. 'उपनिवेश' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) उ (B) प

(C) उपनि (D) उप

82. 'बोली' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) ई (B) इ

(C) ली (D) ओली

83. 'निश्चय' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) निस्तेज (B) निश्चित

(C) निश्चती (D) इनमें से कोई नहीं

84. 'प्रतिदिन' शब्द कौन समास है ?

(A) द्वंद्व समास (B) अव्ययीभाव समास

Biharboard Question paper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(C) बहुव्रीहि समास (D) द्विगु समास

85. 'किसी–न–किसी तरह।' यह किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) क्रिया– पदबंध (B) विशेषण–पदबंध

(C) संज्ञा–पदबंध (D) क्रियाविशेषण–पदबंध

86. 'मैंने भोजन नहीं किया इसलिए मेरी भूख नहीं मिटी।' यह किस वाक्य का उदाहरण है?

(A) संयुक्त वाक्य (B) सरल वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

87. 'चाँद पर थूकना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) सह जाना (B) खूब याद रखना

(C) व्यर्थ निंदा (D) भटकना

88. 'सुलभ' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) संयोग (B) सरल

(C) सम्मान (D) दुर्लभ

89. 'तालाब' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) विभूति (B) नीर

(C) समीरण (D) तड़ाग

90. निम्नलिखित शब्दों में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) उज्वल (B) साप्ताहिक

(C) प्रेयसी (D) संन्यास

91. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य कौन है ?

Biharboardquestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(A) उसने जल्दी घर जाना था।

(B) आपके रहन–सहन का स्तर ऊँचा है।

(C) सड़कों को चौड़ा करना जरूरी है।

(D) वह उत्तीर्ण हो गया।

92. 'उद्योग' शब्द का संधि–विच्छेद कौन है ?

(A) उ + द्योग (B) उत् + योग

(C) उद्यो + ग (D) उद् + योग

93. 'स' के उच्चारण में जिह्वा किसे स्पर्श करती है ?

(A) मूर्द्धा (B) ओष्ठ

(C) तालु (D) दंत

94. 'मेहतर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(A) मेहतराईन (B) मेहतरानीन

(C) मेहतरीन (D) मेहतरानी

95. 'अंधी पीसे कुत्ता खाय' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?

(A) महामूर्ख होना (B) दोनों ओर संकट

(C) मूर्ख की कमाई दूसरे ही खाते हैं (D) दुहरा फायदा

96. 'यह कोई नया काम नहीं है।' 'यह' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक सर्वनाम (B) संबंधवाचक सर्वनाम

(C) प्रश्नवाचक सर्वनाम (D) निश्चयवाचक सर्वनाम

97. 'मोहन खाता है।' यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्ताकारक (B) कर्मकारक



BiharboardQuestionpaper.com

(C) संप्रदानकारक (D) संबोधनकारक

98. 'चादर' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

99. 'च' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) दंत

(C) तालु (D) मूर्द्धा

100. 'अ, इ, उ, ऋ' – ये कौन स्वर हैं ?

(A) ह्रस्व स्वर (B) दीर्घ स्वर

(C) प्लुत स्वर (D) इनमें से कोई नहीं

**खण्ड – ब**

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का होगा। 5 X 2 = 10

(क) मनुष्य को निष्काम भाव से सफलता और असफलता की चिंता किए बिना अपने कर्त्तव्य का पालन करना है। आशा या निराशा के चक्र में फँसे बिना मनुष्य को निरंतर कर्त्तव्यरत् रहना है। किसी भी कर्त्तव्य की पूर्णता पर सफलता अथवा असफलता प्राप्त होती है। असफल व्यक्ति निराश हो जाता है, किंतु मनीषियों ने असफलता को भी सफलता की कुंजी कहा है। असफल व्यक्ति अनुभव की संपत्ति अर्जित करता है, जो उसके भावी जीवन का निर्माण करती है। जीवन में अनेक बार ऐसा होता है कि हम जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम करते हैं, वह पूरा नहीं होता। ऐसे अवसर पर सारा परिश्रम व्यर्थ हो गया–सा



BiharboardQuestionpaper.com

लगता है और हम निराश होकर चुपचाप बैठ जाते हैं। मनुष्य को विघ्न–बाधाओं की, सफलता–असफलता की तथा हानि–लाभ की चिंता किए बिना कर्त्तव्य के मार्ग पर चलते रहना चाहिए। कर्त्तव्य के पथ पर जो आनंद एवं उत्साह है, उसमें ही जीवन की सार्थकता है, ऐसा जीवन ही सफल है।

(i) मनुष्य को किस प्रकार कर्त्तव्य पालन करना चाहिए ?

(ii) मनीषियों ने सफलता की कुंजी किसे कहा है ?

(iii) असफल व्यक्ति क्या अर्जित करता है ?

(iv) जीवन की सार्थकता किसमें है ?

(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..

(ख) हमें अपने उच्च धरातल के प्रति जागरूक बन कर स्वयं को एक विकसित राष्ट्र के नागरिक के रूप में देखना चाहिए। हमारी महान् सभ्यता रही है और यहाँ जन्मे हममें से प्रत्येक को इस सभ्यता के ज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। हमारे धर्मग्रंथ बताते हैं, कि हमारे और शेष संसार के बीच कोई अवरोध नहीं है। हम भी उसी तरह संसार का रूप हैं जैसे यह संसार हमारे भीतर है। अब आपको खुद ही इस दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। किसी भी राष्ट्र की जनता की राष्ट्रीयता अन्य किसी भी चीज के मुकाबले अधिक महत्त्वपूर्ण होती है। संसद का धर्म यही है कि वह हमारी राष्ट्रीयता और अस्मिता की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जीवंत तथा गतिशील बनी रहे।

BiharboardQuestionpaper.com

(i) हमें अपने को किस रूप में देखना चाहिए ?

(ii) हमारे धर्मग्रंथ क्या बताते हैं ?

(iii) किसी राष्ट्र की जनता के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(iv) संसद का धर्म क्या है ?

(v) गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखें।

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। 5 X 2 = 10

(क) अगर इस धरती पर पेड़ न होते तो हम भी न होते। पेड़–पौधों से ही हमें भोजन यानि फल, फूल, अन्न आदि मिलते हैं। कई पेड़ों की जड़, छाल और पत्तियों से दवाईयाँ बनती हैं। पेड़ों से कपास, चाय, कॉफी, लकड़ी और रबड़ इत्यादि मिलते हैं। पेड़ों के कारण हमें शुद्ध हवा मिलती है तथा समय पर पानी बरसता है। पेड़ों से रंग–रोगन और इत्र भी बनाये जाते हैं। गरमी में पेड़ों की छाया सुख देने वाली होती है। अतः पेड़ हमारे मित्र हैं। पेड़ों की रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है।

(i) अगर पेड़ न होते तो क्या होता ?

(ii) कौन हमारा मित्र है ?

(iii) पेड़–पौधों से हमें क्या–क्या मिलता है ?

(iv) हमें शुद्ध हवा किसके कारण मिलती है ?

(v) पेड़ों के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य है ?

(ख) कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया। समाज में फैले बाह्याडंबर, भेदभाव एवं साम्प्रदायिकता आदि का दृढ़ विरोध किया। किसी की हिम्मत नहीं हुई जो कबीर के अकाट्य तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिक सकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। उन्होंने समाज तथा धर्म की बुराईयों को निकालकर सबके सामने रखा। कबीर ने कमजोरों को ऊपर उठाने का उपदेश देकर सबके सामने एक महान् आदर्श प्रस्तुत किया। संत कबीर ने कर्म, सेवा,

Biharboard Questionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

अहिंसा तथा निर्गुण मार्ग का प्रसार किया। कर्मकाण्ड तथा मूर्तिपूजा का विरोध किया। उन्होंने अपनी साखियों द्वारा समाज के लिए एक विशाल ज्ञानमार्ग खोला। उन्होंने कथनी–करनी की एकता पर बल दिया। कबीर एक महान् युगद्रष्टा, समाज सुधारक तथा कवि थे।

(i) कबीर ने समाज में रहकर क्या किया ?

(ii) कबीर ने किसका दृढ़ विरोध किया ?

(iii) कबीर द्वारा प्रस्तुत आदर्श क्या था ?

(iv) संत कबीर ने किस मार्ग का प्रसार किया ?

(v) गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें।

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिये गए संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखिए :– 1x10=10

(क) स्वच्छ भारत अभियान

(i) भूमिका
(ii) महत्त्व
(iii) लाभ
(iv) वर्तमान स्थिति
(v) उपसंहार

(ख) दीपावली

(i) भूमिका
(ii) दीपावली की तैयारी
(iii) इतिहास
(iv) इससे लाभ और हानि



BiharboardQuestionpaper.com

(v) उपसंहार

(ग) महात्मा गाँधी

(i) प्रस्तावना
(ii) जन्म–स्थान
(iii) शिक्षा
(iv) देश के लिए योगदान
(v) उपसंहार

(घ) शहरी जीवन

(i) भूमिका
(ii) रहन–सहन
(iii) लाभ
(iv) हानि
(v) उपसंहार

(ङ.) खेल के महत्त्व

(i) भूमिका
(ii) महत्त्व
(iii) भविष्य निर्माण में योगदान
(iv) स्वास्थ्य लाभ
(v) उपसंहार

4. विद्यालय में दाखिला लेने हेतु प्रधानाध्यापक के पास एक प्रार्थना–पत्र लिखें। 1x5=5

अथवा

जाति आधारित गणना के विषय पर दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखें।


BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 20–30 शब्दों में दें– 5X2= 10

(i) सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए लेखक भीमराव अंबेदकर ने किन विशेषताओं को आवश्यक माना है ?

(ii) रामपुर की नौकरी छूटने के बाद बिरजू महाराज के बाबूजी ने हनुमान जी को प्रसाद क्यों चढ़ाया ?

(iii) आविन्यों क्या है और वह कहाँ अवस्थित है ?

(iv) 'सुषिर वाद्य' किन्हें कहते हैं। शहनाई शब्द की व्युत्पत्ति किस प्रकार हुई ?

(v) कवि रेनर मारिया रिल्के किसको कैसा सुख देते थे ? 'मेरे बिना तुम प्रभु' कविता के आधार पर लिखें।

(vi) कवि जीवनानंद दास किस तरह के बंगाल में एक दिन लौटकर आने की बात करते हैं ?

(vii) भारतमाता अपने ही घर में प्रवासिनी क्यों बनी हुई है ?

(viii) 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के अनुसार लक्ष्मी के व्यक्तित्व पर विचार करें।

(ix) माँ मंगु को अस्पताल में क्यों नहीं भर्ती कराना चाहती ?

(x) बड़े डॉक्टर ने अपने अधीनस्थ डॉक्टरों से पाप्पाति को अस्पताल में भर्ती कर लेने के लिए क्यों कहा ? 'नगर' शीर्षक कहानी के अनुसार लिखें।


BiharboardQuestionpaper.com

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1x5=5

(शब्द सीमा लगभग 100)

(i) व्याख्या करें :–

"स्वर्ण शस्य पर–पद–तल लुंठित, धरती–सा सहिष्णु मन कुंठित"

(ii) आशय स्पष्ट करें :–

"काशी संस्कृति की पाठशाला है।"

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..